Ex.P.-69

# कथन – आजाद टोप्पो

| | | |
|---|---|---|
| थाना | – | राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर |
| अपराध कमांक | – | 09 / 2015 |
| धारा | – | 13(1) डी, 13(2) पी0सी0 एक्ट 1988, 109, 120 बी भा0द0वि0 |
| नाम व पिता का नाम | – | आजाद टोप्पो पिता श्री सुखदेव टोप्पो |
| उम्र | – | 27 वर्ष |
| वर्तमान पता | – | सी.एस.ई.बी. कालोनी, प्रसाद भवन, राजेन्द्र नगर अंबिकापुर (छ0ग0) |
| स्थाई पता | – | ग्राम दोरना पोस्ट, थाना व तहसील लुंड्रा, सरगुजा (छ0ग0) |
| मोबाईल नंबर | – | 88179–03676, 84353–81779 |
| व्यवसाय | – | कनिष्ठ तकनीकी सहायक, नागरिक आपूर्ति निगम, सूरजपुर (छ0ग0) |

——00——

मैं आजाद टोप्पो पूछे जाने पर बता रहा हूं कि मैं कनिष्ठ तकनीकी सहायक के पद पर नागरिक आपूर्ति निगम, सूरजपुर में 16 फरवरी 2015 से पदस्थ हूं। इसके पूर्व इसी पद पर अंबिकापुर में पदस्थ था। मेरा शासकीय मोबाईल नंबर 88179–03676 है तथा पर्सनल मोबाईल नंबर 84353–81779 है, यह मेरे नाम से ही है।

आज मुझे आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो कार्यालय में मेरे शासकीय मोबाईल नंबर 88179–03676 से श्री **संदीप अग्रवाल** कंपनी सचिव, नागरिक आपूर्ति निगम, मुख्यालय रायपुर से उनके शासकीय मोबाईल नंबर 88179–03999 पर हुई बात का कॉल ट्रान्सक्रिप्शन दिखाया गया एवं टेप की हुई आवाज को सुनाया गया। ट्रांसक्रिप्शन पढ़ कर एवं रिकार्ड की हुई बातें सुनकर वार्तालाप के संबंध में बता रहा हूं कि :–

दिनांक 04.02.2015 के 15:23:33 बजे प्रारंभ होकर दिनांक 04.02.2015 के 15:24:19 बजे का कॉल मेरे शासकीय मोबाईल नंबर से श्री **संदीप अग्रवाल** से उनके शासकीय मोबाईल नंबर पर हुई वार्तालाप है। उक्त वार्तालाप में श्री अग्रवाल साहब द्वारा मुझसे कहा गया था कि पाठक सर (असिसटेंट मैनेजर क्वालिटी कन्ट्रोल) को हम लोगों (संदीप अग्रवाल एवं पाठक) को देने के लिये पैसे दिये नहीं हो। इस पर मेरे द्वारा उन्हें बताया गया था कि अचानक शादी में जाना था, इसलिये पाठक साहब को बोला था कि विकास रायपुर जायेगा तो उसके हाथ भिजवा दूंगा। अग्रवाल साहब द्वारा कहा गया था कि विकास आयेगा तो भिजवा देना और चावल एकदम कम क्वालिटी का मत लेना। अग्रवाल साहब और पाठक साहब विजिट पर जिले में आते थे तो उनके द्वारा पैसा मांगा जाता था, उसी संबंध में पहले 2–3 महिनें का पैसा नहीं दे पाया था, उसी को देने के लिये बोले थे। प्रत्येक विजिट में उनको 1000रू. देता था।



RoAC, before me,

15/04/15

(एस0डी0 देवस्थले)
निरीक्षक
आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो,
रायपुर, छत्तीसगढ